केंद्रीय विद्यालय संगठन, लखनऊ संभाग
वार्षिक पुन:-परीक्षा **2023 24**
विषय - हिन्दी

कक्षा - सातवीं
निर्धारित समय-**2:30**
अधिकतम अंक **-60**

नोट: **1.** सभी प्रश्न करना अनिवार्य है |
**2.**प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार देने का प्रयास करें |
**3.** उत्तर लिखते समय हस्तलेख पर विशेष ध्यान दें |

<u>(खण्ड -क)</u>

प्रश्न-1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए (1x5=5)

बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है- रोटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हम जितना अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं जनसंख्या उनके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण की अति आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे रह जाएँगे।

क) बढ़ती जनसंख्या ने किसे जन्म दिया है?
(i) दुर्गुणों को (ii) अनेक प्रकार की समस्याओं को
(iii) दुर्भावनाओं को (iv) अनेक प्रकार की विपदाओं को।

ख) विकास कार्य क्यों नहीं दिखाई देते ?
(i) राजनीतिक अक्षमता के कारण (ii) समस्याओं के कारण
(iii) भ्रष्टाचार के कारण (iv) जनसंख्या की वृद्धि के कारण

(ग) बढ़ती जनसंख्या ने इनमें से किस समस्या को जन्म नहीं दिया है?
(i) रोटी कपड़े की समस्या (ii) बेरोजगारी की समस्या
(iii) निरक्षरता की समस्या (iv) दहेज की समस्या

(घ) बढ़ती जनसंख्या के समक्ष कौन-से प्रयास असफल दिखाई देते हैं?
(i) सभी सरकारी प्रयास (ii) सभी मानवीय प्रयास
(iii) सभी गैर -सरकारी प्रयास (iv) सभी सामाजिक प्रयास
ङ) “नगण्य” शब्द का सही अर्थ है
(i) बहुत (ii) थोड़ा (iii) पर्याप्त
(iv) अपर्याप्त

प्रश्न 2- निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के अनुसार उत्तर लिखिए। (1x5=5)

हँसते खिलखिलाते रंग-बिरंगे फूल
क्यारी में देखकर
जी तृप्त हो गया।
नथुनों से प्राणों तक खिंच गई
गंध की लकीर-सी
आँखों में हो गई रंगों की बरसात
अनायास कह उठा दिल वाह!
धन्य है वसंत ऋतु !

(क) कवि ने किस ऋतु का वर्णन किया है?
(i) पतझड़ (ii) वसंत (iii) वर्षा (iv) ग्रीष्म
(ख) रंग-बिरंगे फूलों को देखकर कवि के हृदय में कौन-सा भाव आया?
(i) प्रसन्नता (ii) कृतज्ञता (iii) संतुष्टि
(iv) चापलूसी
(ग) “गंध की लकीर-सी’ से क्या अभिप्राय है ?
(i) गंध की रेखा (ii) हृदय में सुगंध की अनुभूति (iii) खुशबू
(iv) सुगंध से हृदय में प्रसन्नता की अनुभूति
(घ) काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा-
(i) रंग-बिरंगे फूल (ii) वसंत ऋतु (iii) गंध की लकीर
(iv) रंगों की बरसात
(ङ)’ पुष्प’ का पर्यायवाची शब्द नहीं है -
(i) फूल (ii) कुसुम (iii) सुमन (iv) मधुप

**(खण्ड -ख)**

प्रश्न -3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1× 12 =12)
(1)फूल का पर्यायवाची नहीं है
(i)सुमन (ii) कुसुम (iii) पुष्प
(iv)तनुजा

(2)’वियोग’ का विलोम शब्द क्या होगा-
(i) अयोग (ii) संयोग (iii) सुयोग (iv) उपयोग
(3) बगीचे में लाल पीले फूल खिले हुए हैं। वाक्य में विशेषण शब्द क्या है?
(i)लाल – पीले (ii)फूल (iii)खिले हैं (iv)बगीचे
(4) "काला घोड़ा तेज दौड़ता है।" वाक्य में क्रिया विशेषण है -
(i) काला (ii) तेज (iii) दौड़ता (iv) घोड़ा
(5)भाई और बहिन’ में कौन-सा समास है?
(i) तत्पुरुष (ii) द्विगु (iii) द्वन्द्व ( iv) बहुव्रीहि
(6)’राजकुमार’ में कौन-सा समास है?
(i) तत्पुरुष (ii) बहुव्रीहि (iii) अव्ययीभाव (iv) कर्मधारय
(7)’बहाव’ शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय कौन- सा है।
(i) बह (ii)हाव (iii)आव (iv)आवा
(8)’बेइंसाफी’ में प्रयुक्त उपसर्ग है-
(i)बे (ii)इन (iii)बेइ (iv )बेइन
(9) ‘पर्यावरण ’ का सही सन्धि - विच्छेद है ?
(i)परिधि + आवरण (ii) पर्या + वरण (iii)परि + आवरण (iv )परिध + आवरण
(10) ‘स्थिति ’ शब्द का बहुवचन शब्द है-
(i) स्थितीयां (ii) स्थितिया (iii) स्थितियाँ (iv) सथितीय
(11) ‘ज़िम्मेदारी ’ का बहुवचन होगा -
[i] ज़िम्मेदार [ii] ज़िममेदारियें [iii] ज़िम्मेदारियों [iv] जिम्मेदारीयों
(12) ‘भ्रमर’ का पर्यायवाची शब्द बताइये-
(i) पंचशर (ii) सहचर (iii) निशाकर (iv) मधुकर

<u>**(खण्ड -ग)**</u>

प्रश्न- 4 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)

दोनों नवागंतुकों ने पहले से रहनेवालों में वैसा ही कुतूहल जगाया जैसा नववधू के आगमन पर परिवार में स्वाभाविक है। लक्का कबूतर नाचना छोड़कर दौड़ पड़े और उनके चारों ओर घूम- घूम कर गुटरगूँ- गुटरगूँ की रागिनी अलापने लगे। बड़े खरगोश सभ्य सभासदों के समान क्रम से बैठकर गंभीर भाव से उनका निरीक्षण करने लगे। ऊन की गेंद जैसे छोटे खरगोश उनके चारों ओर उछलकूद मचाने लगे। तोते मानो भली-भाँति देखने के लिए एक आँख बंद करके उनका परीक्षण करने लगे। उस दिन मेरे चिड़ियाघर में मानो भूचाल आ गया।

1- नवागंतुक किसे कहा गया है ?
क- तीतर शावकों को ख- मोर शावकों को ग- खरगोश शावकों को घ- कबूतर शावकों को

2- जब दोनों नवागंतुक अन्य पक्षियों जानवरों के पास ले जाए गए तब लक्का कबूतर क्या कर रहा था?
क- सो रहा था ख- दाना चुग रहा था ग- नाच रहा था घ- गुटरगूँ- गुटरगूँ कर रहा था

3- किसके बच्चे ऊन के गोले जैसे दिख रहे थे?
क- खरगोश के ख- मोर के ग- बिल्ली के घ- चूहे के

4- तोते दोनों शावकों का परीक्षण कैसे कर रहे थे?
क- आँखें खोल ध्यानपूर्वक देख कर ख- एक आँख बंद करके
ग- ट्रेन की आवाज निकाल कर घ- पंख फड़फड़ा कर

5- स्वाभाविक शब्द में कौन सा प्रत्यय प्रयुक्त है?
क- विक ख- के ग- इक घ-. आविक

प्रश्न 5- निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए- ( 1×5=5)

जागो बंसीवारे ललना !
जागो मोरे प्यारे!
रजनी बीती, भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे।
गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे।।
उठो लालजी! भोर भयो है, सुर-नर ठाढ़े द्वारे।
ग्वाल-बाल सब करत कुलाहल, जय-जय सबद उचारै।।
माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे।

मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयाँ को तारै||

प्रश्न - 1- भोर और बरखा कविता के कवि / कवयित्री कौन है?
क- महादेवी वर्मा ख- मीराबाई ग- सुभद्रा कुमारी चौहान घ- सर्वेश्वर दयाल सक्सेना।

2- बंसीवारे किसे कहा गया है?
क- बंसी बजाने वाले को ख- श्रीकृष्ण को ग- बंसी बेचने वाले को घ- श्र कृष्ण के साथियों को

3- घरों के दरवाजे अब खुलने लगे हैं। ऐसा किस समय हो रहा है?
क- प्रातः काल ख- सायंकाल ग- दोपहर में घ- रात्रि में ।

4- कंगन की आवाज क्यों उत्पन्न हो रही है?
क- दूध निकालने से ख- मक्खन निकालने से ग- दही के मंथन से घ- अन्य घरेलू काम से।

5- ग्वालों के बच्चों द्वारा कोलाहल क्यों किया जा रहा है?
क- झगड़ने से ख- जय जय कार करने से ग- खेलने कूदने से घ- गायों के साथ जंगल जाने से

प्रश्न 6- निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2×2=4)

(क) मिठाईवाला अलग-अलग चीजें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था?

(ख) लेखिका को नीलकंठ की कौन-कौन सी चेष्टाएँ बहुत भाती थीं?

(ग)ध्यानचंद को हाकी का जादूगर कहा जाता है। क्यों? पता लगाइए।

प्रश्न 7- निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2×2=4)

(क) आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

(ख) बंसीवारे ललना', 'मोरे प्यारे', 'लाल जी', कहते हुए यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती हैं और वे कौन-कौन सी बातें कहती हैं?

(ग)पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं?

प्रश्न 8-निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2×3=6)

(क) तुम्हारे अनुसार महाभारत कथा में किस पात्र के साथ सबसे अधिक अन्याय हुआ और क्यों?

(ख ) महाभारत के युद्ध में किसकी जीत हुई?

(ग) महाभारत में एक ही व्यक्ति के एक से अधिक नाम दिए गए हैं, बताओ, नीचे लिखे हुए नाम किसके हैं?

पृथा......राधेय......वासुदेव ...... गांगेय...... सैरंध्री...... कंक......

(घ) तुम्हारे विचार से महाभारत के युद्ध को कौन रुकवा सकता था? कैसे?

**(खंड –घ)**

प्रश्न 9-बड़े भाई के विवाह में शामिल होने के लिए चार दिन के अवकाश के लिए अपने प्राचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए। (1×5=5)

अथवा

अपने मित्र को जन्म-दिन पर निमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए |

प्रश्न 10-निम्नलिखित दो विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए – (1×5=5)

(क) जल ही जीवन है (ख) कंप्यूटर लाभ और हानि

(घ) व्यायाम: स्वस्थ जीवन का रहस्य (घ) विज्ञान: वरदान या अभिशाप

प्रश्न 11- परीक्षा के एक दिन पूर्व दो मित्रों की बातचीत का संवाद लेखन कीजिए। (1×4=4)

अथवा

पुस्तक विक्रेता की दुकान पर किताबें खरीदने आए छात्र और दुकानदार की बातचीत का संवाद लेखन कीजिए।